भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

06.08.2015 **को राज्य सभा में**

पूछा जाने वाला अतारांकित प्रश्न संख्या : 1923

कुल ऊर्जा उत्पादन में परमाणु ऊर्जा का योगदान

1923. **श्रीमती जया बच्चन:**

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) **क्या विकसित देशों की तुलना में भारत में कुल ऊर्जा उत्पादन में परमाणु ऊर्जा का योगदान बहुत कम है;**

(ख) **क्या सरकार की अगले दशक में परमाणु ऊर्जा के योगदान में पर्याप्त रूप से वृद्धि करने की कोई योजना है; और**

(ग) **यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?**

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह):

(क) **कुछ बड़े देशों के कुल विद्युत उत्पादन में वर्ष** 2014-2015 **के लिए नाभिकीय ऊर्जा की हिस्सेदारी नीचे दिए गए अनुसार है:**

देश	**कुल ऊर्जा उत्पादन में नाभिकीय विद्युत का हिस्सा** (%)
संयुक्त राज्य अमरीका	19.5
इंग्लैंड	17.2
रूसी परिसंघ	18.6
फ्रांस	76.9
कोरिया	30.4
जर्मनी	15.8
चीन	2.4
भारत	3.6

स्त्रोत: पीआरआईएस, आईएईए

देश में नाभिकीय विद्युत का उत्पादन, वर्ष 1969 **में प्रारंभ हुआ, एवं इन वर्षों के दौरान, नाभिकीय विद्युत उत्पादन में हुई बढ़ोतरी, देश में कुल विद्युत उत्पादन की बढ़ोतरी के अनुरुप रही है एवं कुल उत्पादन क्षमता में इसका योगदान लगभग** 3% **रहा है। नाभिकीय हिस्से में अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि, प्रौद्योगिकी विकास के चरण की वजह से हासिल नहीं की जा सकी जिसे अंतर्राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी विरोध व्यवस्था में से गुज़रना पड़ा था।**

(ख) तथा (ग) **जी, हाँ। सरकार ने, जुलाई,** 2014 **में, अगले दस वर्षों में (वर्ष** 2024 **तक)** 4780 **मेगावाट की विद्यमान क्षमता को तिगुना किए जाने की घोषणा की थी। यह लक्ष्य, चालू परियोजनाओं के क्रमिक रूप से पूरा होने एवं नई परियोजनाओं, जिन्हें अनुमोदित कर दिया गया है, के प्रारंभ होने पर, प्राप्त किए जाने की आशा है।**

****